भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
राज्य सभा
लिखित प्रश्न सं. 2061
गुरूवार, 12 दिसम्बर, 2024/21 अग्रहायण, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

देश में पंजीकृत और अपंजीकृत ट्रैवल एजेंट

2061 श्री संत बलबीर सिंह:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार के पास पंजीकृत और अपंजीकृत ट्रैवल एजेंटों के बारे में कोई जानकारी है, यदि हां, तो उनका राज्य-वार/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) पिछले पांच वर्षों के दौरान फर्जी ट्रैवल एजेंटों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई है और उसका क्या प्रभाव पड़ा है; और

(ग) बिना लाइसेंस का काम करने वाले एजेंटों के विरुद्ध की गई कार्रवाई का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार एक स्वैच्छिक योजना के माध्यम से यात्रा व्यापार और आतिथ्य उद्योग में विभिन्न श्रेणियों में सेवाप्रदाताओं को मान्यता/अनुमोदन प्रदान करता है।

आज की स्थिति के अनुसार, पर्यटन मंत्रालय द्वारा अनुमोदित/मान्यता प्राप्त टूर ऑपरेटरों और ट्रैवल एजेंटों का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

पर्यटन मंत्रालय, केंद्रीय लोक शिकायत निवारण और मॉनिटरिंग प्रणाली (सीपीग्राम) पोर्टल के माध्यम से तथा प्रत्यक्ष रूप से पर्यटन और आतिथ्य सेवाप्रदाताओं द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं से संबंधित शिकायतें प्राप्त करता है। ऐसे मामलों को संबंधित नियमों और विनियमों के अध्यधीन समुचित कार्रवाई करने हेतु संबंधित प्राधिकरण को भेज दिया जाता है।

*****

अनुबंध

श्री संत बलबीर सिंह द्वारा देश में पंजीकृत और अपंजीकृत ट्रैवल एजेंट के संबंध में दिनांक 12.12.2024 को पूछे जाने वाले राज्य सभा के लिखित प्रश्न सं. 2061 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

पर्यटन मंत्रालय के अंतर्गत अनुमोदित/मान्यता प्राप्त पर्यटन सेवाप्रदाताओं की राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार संख्या

क्र.सं.	राज्य/संघ राज्यक्षेत्र	मान्यता प्राप्त पर्यटन सेवाप्रदाता
1	अंडमान एवं निकोबार द्वीप समूह	10
2	आंध्र प्रदेश	06
3	असम	26
4	बिहार	18
5	चंडीगढ़	06
6	छत्तीसगढ़	04
7	दिल्ली	529
8	गोवा	07
9	गुजरात	40
10	हिमाचल प्रदेश	14
11	हरियाणा	92
12	झारखंड	05
13	जम्मू और कश्मीर	20
14	कर्नाटक	29
15	केरल	69
16	लद्दाख	02
17	लक्षद्वीप	01
18	महाराष्ट्र	128
19	मणिपुर	08
20	मध्य प्रदेश	14
21	मेघालय	04

22	ओडिशा	15
23	पंजाब	16
24	पुदुचेरी	01
25	राजस्थान	53
26	सिक्किम	03
27	तमिलनाडु	58
28	त्रिपुरा	04
29	तेलंगाना	17
30	उत्तराखंड	13
31	उत्तर प्रदेश	99
32	पश्चिम बंगाल	94
	कुल	**1405**

*****